# एमएसएमई इकाइयों को मिलेगा पीएलआइ

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने में केंद्र सरकार के सफल प्रयासों को देखते हुए योगी सरकार यहां भी प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआइ) देने का मन बना चुकी है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को वित्तीय प्रोत्साहन देने के साथ बड़े निवेश को आकर्षित कर अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने के लिए सरकार पीएलआइ योजना को यहां लागू करेगी। नई बनाई जा रही एमएसएमई नीति में इसे शामिल करने के लिए प्रारूप लगभग तैयार कर लिया गया है।

**केंद्र सरकार की योजना को उत्तर प्रदेश में भी लागू करने की तैयारी, बड़ा निवेश आकर्षित करने के लिए एमएसएमई नीति में होगी शामिल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उद्योगों को हरसंभव प्रोत्साहन देने का प्रयास है। देश में सर्वाधिक 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां यहीं हैं। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना से एमएसएमई के निर्यात में भी उछाल आया और यह 88 हजार करोड़ से बढ़कर एक लाख 56 हजार करोड़ तक पहुंच गया। अब इसे तीन लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने नई एमएसएमई नीति तैयार करने का निर्देश दिया।

एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने बताया कि नई नीति में ऐसे कई प्रविधान किए जा रहे हैं, जो उद्योगों के हित में हों। केंद्र की तर्ज पर यहां भी एमएसएमई इकाइयों को प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव देने का विचार है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

Scanned with CamScanner